तेरे हवाले थे संवारिया तेरे हवाले है

चरण कमल की सेवा देदो नित उठ नाम उचारु,
प्रेम पूरित नैनो में तुम्हारी निर्मल छवि को निहारु,
भगती का वरदान देदो ओ मेरे बाबा ,

तेरे हवाले थे संवारिया तेरे हवाले है
तेरे हवाले की रहे गे ओ मेरे बाबा,
तेरे सहारे थे सांवरिया तेरे सहारे है
तेरे सहारे ही रहेगे ओ मेरे बाबा,

तेरे सिवा मेरे सांवरियां कोई नही है हमारो ,
दर दर की है ठोकर खाई मिलो न कोई सहारो
अब तो आकर बाह पकड़ लो ओ मेरे गिरधर,
तेरे हवाले थे संवारिया तेरे हवाले है

दुनिया के सब रिश्ते नाते माया का है घेरा
इक तू ही लागे अपना
सिर पे हाथ जो फेरा हारे का सहारा बन जा ओ मेरे बाबा
तेरे हवाले थे संवारिया तेरे हवाले है

जन्म मरन के फेरो में बाबा नैया डगमग डोले
होता निश्चे पार वही जो जय श्री श्याम बोले
करे यही अरदास गम में ओ मेरे बाबा
तेरे हवाले थे संवारिया तेरे हवाले है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19243/title/tere-hawale-the-sanwariya-tere-hawale-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |